# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 14.04.2018**

**DAINIK JAGRAN**


# गीत–संगीत, भांगड़ा और नृत्य–नाटिका की धूम

वाईएमसीए विश्वविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव में विवेकानंद मंच ने नाटक 'कलाम को सलाम' प्रस्तुत कर पूर्व राष्ट्रपति को किया याद

एलीमेंट्स कलमाइका 2018

## ग्रैंड पिक्स 3.0 में दिखा जबरदस्त उत्साह

## लोहे के पेचों से बनाई पेंटिंग बनी आकर्षण का केंद्र

**NEWS CLIPPING: 14.04.2018**

## HINDUSTAN

**करीब 50 से अधिक मुकाबले हुए, छात्रों के बीच फैशन शो का भी आयोजन किया गया, आज शाम परिणाम घोषित होंगे**

# गीत और संगीत से छात्र-छात्राओं का धमाल

**एलीमेंट्स**
**कलमायका-2018**

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दूसरे दिन ह्यएलीमेंट्स कलमायका-2018ह्न में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। इसमें फरीदाबाद, गुरुग्राम, पलवल, मेवात और दिल्ली के करीब 50 कॉलेज के छात्रों ने हिस्सा लिया।

छात्रों के बीच करीब 50 से अधिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं, गुरुवार देर रात मिस्टर और मिसेज कलमायका का भी आयोजन किया गया। इसका अंतिम परिणाम शनिवार देर शाम को घोषित किया जाएगा। इस दौरान टेक्नीकल और सांस्कृतिक ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने जमकर धमाल मचाया।

छात्रों के बीच फैशन शो का भी आयोजन किया गया। इस दौरान तीन राउंड हुए। इसमें विजेताओं की घोषणा शनिवार देर शाम को की जाएगी। वहीं, शुक्रवार सुबह में जुंबा का भी आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र भांगड़ा पर जमकर थिरके। वहीं, तरन्नुम ग्रुप की ओर से ओपन में लोक संगीत प्रस्तुत किया गया। अंग्रेजी और हिन्दी धुन भी तैयार किए गए थे।

देर शाम हास्य कलाकार जशप्रीत सिंह ने कई हास्य कविता प्रस्तुत की। इसे सुन छात्र लोटपोट हो गए। वहीं, देर शाम वाईएमसीए परिसर में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नृत्य व अभिनय, काव्य, वाद-विवाद, चित्रकारी, कला एवं शिल्प, फोटोग्राफी तकनीकी एवं कम्प्यूटर आधारित प्रतियोगिताए आयोजित की गईं।



फरीदाबाद वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को कलमायका-2018 उत्सव में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। • सुभाष शर्मा

### पंजाबी नृत्य आकर्षण का मुख्य केंद्र

छात्रों की टोली ने एमबीए मैम्बो नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें 10 लड़के और चार लड़कियों ने भाग लिया। इस दौरान छात्र पंजाबी और पश्चिमी धुन पर जमकर थिरके। यहां मौजूद लोगों ने इसकी जमकर तारीफ की। इसके बाद सांस्कृतिक संध्या आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। इसे ह्यबैटल ऑफ बैंडह्न की ओर से प्रस्तुत किया गया। इसमें वाईएमसीए के अलावा तीन अन्य कॉलेजों के रॉक बैंड प्रस्तुति दी।

### लघु नाटक प्रस्तुत किया

विश्व विद्यालय के विवेका क्लब की ओर से पूर्व राष्ट्रपति व वैज्ञानिक अब्दुल कलाम के जीवन को लघु नाटक पर प्रस्तुत किया गया। इसकी स्क्रीप्ट अमन ने लिखी। जबकि इसका निर्देशन अभय, जितेश और अक्षय ने किया। इसे छात्रों ने खूब सराहा। इसकी मुख्य भूमिका आयुष ने निभाया।

### फोटोग्राफी की प्रदर्शनी

विश्व विद्यालय के छात्रों ने मुख्य गेट के पास ही फोटोग्राफी की प्रदर्शनी लगाई। इसमें छात्रों द्वारा खींचे गए बेहतर फोटो का प्रदर्शन किया गया। प्रत्येक फोटो की कीमत 50 रुपये निर्धारित की गई थी। इससे आने वाले फंड को विश्वविद्यालय के फंड में जमा कराया गया, जिससे की उस पैसा का छात्रों के लाभ के लिए खर्च किया जा सके।

### डिजिटल इंडिया के विषय में जानकारी दी

श्रीजन ग्रुप की ओर से उद्भव बनाया गया। इसका उद्देश्य पेपर लेस काम करने पर जोर दिया गया। जिससे की पेड़ को बचाया जा सके। लोहा और स्टील के माध्यम से एक पेड़ बनाया गया है। जिसमें कई डाल निकले हुए हैं। इसके माध्यम से छात्रों ने यह बताने का प्रयास किया है कि सभी चीजें आधुनिक तकनीक से जुड़ी हुई हैं।



छात्रों ने कलमायका कार्यक्रम में खूब मौज-मस्ती की। • हिन्दुस्तान

### टेक्नीकल ग्रुप के बीच भी मुकाबले हुए

टेक्नीकल भाग में मेकनेक्स्ट, मनम, संपर्ण और माइक्रोबर्ड बनाई गई है। मेकनेक्स्ट ग्रुप ने रोबट की रिमोड कंट्रोल के माध्यम से लड़ाई, हवाई जहाज के मार्डल व रोबोट की रेस को दिखाया गया। जबकि मानम ग्रुप ने कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग, फोटो, वीडियो डिजाइनिंग, गेम्स जैसे क्रिकेट, निड फॉर स्पीड व कई अन्य गेम्स को छात्राओं द्वारा तैयार किया गया। इससे तैयार करने के लिए सभी सुविधाएं यूनिवर्सिटी द्वारा मुहैया कराया गया। जबकि माइक्रोबर्ड व सम्पर्ण ने रिमोड से चलने वाला रोबोट, तमोला, बॉब ऑफ द बिल्डर व बच्चों के लिए गेम्स तैयार किए।

### अलफाज का आयोजन

अलफाज कार्यक्रम में छात्रों द्वारा लिखी गई, कविता को प्रस्तुत किया गया। जिससे वहां मौजूद छात्रों ने खूब सराहा। इस दौरान छात्रों ने कविता, व्यंग और कहानियां भी सुनाईं, इसमें डीएवी कॉलेज, अग्रवाल कॉलेज, केएल महता कॉलेज, पलवल के कई कॉलेज के छात्रों ने हिस्सा लिया। इसमें विजेताओं को शनिवार को सम्मानित किया जाएगा।



भांगड़ा की धुन पर छात्र जमकर नाचे।



छात्रों ने कलमायका के दौरान नाटिका का मंचन कर दर्शकों को लुभाया।

### शनिवार के कार्यक्रम

जुंबा, पेंटिंग प्रतियोगिता, मिस्टर और मिसेज कलमायका, फैसन शो, नुक्कड़ नाटक, बिग बॉस का फाइनल, प्रदर्शनी, फोटो सेसन और नृत्य आदि

## DAINIK BHASKAR

# कलमायकाः गीत-संगीत के साथ स्टूडेंट्स ने पेश की नृत्य नाटिका



भास्कर न्यूज|फरीदाबाद

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिक यूनिवर्सिटी में गुरुवार से शुरू हुए एलिमेंट्स कलमायका में दूसरे दिन गीत-संगीत और नृत्य नाटिका के नाम रहा। इसके अलावा स्टूडेंट्स ने कलाम को सलाम नाटक के माध्यम से पूर्व राष्ट्रपति को भी याद किया। दूसरे दिन की शुरुआत जुम्बा डांस से हुई। इसमें स्टूडेंट्स से लेकर फैकल्टी सदस्यों ने भी लुत्फ उठाया। डांस इवेंट के बाद अलग अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। तरन्नुम क्लब ने एकल गायन प्रतियोगिता कराई। इसमें प्रतिभागियों द्वारा गायकी के साथ वाद्ययंत्रों पर भी प्रस्तुति दी गई। इसमें वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के निखिल ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं पश्चिमी संगीत में वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के रोहन ने पहला पुरस्कार जीता। लोक गायकी प्रतियोगिता में आचार्य नरेंद्र देव कालेज के व्याख्या, बैनेट कालेज दिल्ली के अनुपम और वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के श्रेय को संयुक्त रूप से विजेता दिया गया। विविधा क्लब की ओर से आयोजित अभिनय प्रतियोगिता में वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के मोहित ने पहला और पारस ने दूसरा स्थान हासिल किया।

### नाटक कलाम को सलाम ने छोड़ी छाप

विवेकानंद मंच ने आयोजित नाटक कलाम को सलाम के जरिए पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन को दर्शाया गया। नाटक में कलाम बने मुख्य किरदार आयुष श्रीवास्तव के अभिनय को सभी ने सराहा। इस नाटक में कुल 35 कलाकारों ने भाग लिया। वही निरामय क्लब की ओर से योग नृत्य की प्रस्तुति दी गई।



फरीदाबाद. कलमायका-में नाटक 'कलाम को सलाम' का एक दृश्य।

### पंजाबी गायक स्टार नाइट का मुख्य आकर्षण होंगे

डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल ने बताया कि वाईएमसीए विश्वविद्यालय के वार्षिक उत्सव एलिमेंट्स कलमायका का मुख्य आकर्षण स्टार नाइट रहती है। इस बार स्टार नाइट का मुख्य आकर्षण स्टार पंजाबी गायक गैरी संधू रहेंगे।

**NEWS CLIPPING: 14.04.2018**

**AMAR UJALA**

# 'कलाम को सलाम' से पूर्व राष्ट्रपति को किया याद

## एलीमेंट्स कलमायका : गीत-संगीत, भांगड़ा और नृत्य-नाटिका के नाम रहा दूसरा दिन



वाईएमसीए में आयोजित एलीमेंट्स कलमायका कार्यक्रम में नाटक प्रस्तुत करते हुए।

**अमर उजाला ब्यूरो**

फरीदाबाद

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2018' का दूसरा दिन गीत-संगीत, भांगड़ा व नृत्य-नाटिका के नाम रहा। विवेकानंद मंच द्वारा नाटक 'कलाम को सलाम' और विविधा क्लब द्वारा जहांगीर और नूरजहां की प्रेम कथा का नाटक मंचन भी किया गया। एकल गीत, पाश्चात्य संगीत, गायन, योगा, फन गेम, विट्स विला, बिग बॉस, शू पेंटिंग, एकल अभिनय और रोबो वॉर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

वार्षिक समारोह का दूसरा दिन जुम्बा डांस से शुरू हुआ। विद्यार्थियों से लेकर फैकल्टी सदस्यों ने भी जमकर लुत्फ उठाया। अनन्य क्लब ने विट्स विला और अल्फाज का आयोजन किया जिसमें विट्स विला के विजेता आशिमा आनंद रहे। तरन्नुम क्लब द्वारा एकल गायन प्रतियोगिता में वाद्य यंत्रों पर भी प्रस्तुति दी गई।

इस प्रतियोगिता में वाईएमसीए विश्वविद्यालय के निखिल प्रथम रहे। पाश्चात्य संगीत विधा में वाईएमसीए विश्वविद्यालय के रोहन ने पहला पुरस्कार जीता। लोक गायकी प्रतियोगिता में आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज, दिल्ली के व्याख्या, बैनेट कॉलेज दिल्ली के अनुपम और वाईएमसीए विश्वविद्यालय के श्रेय को संयुक्त रूप से विजेता रहे।

उत्सव में देर रात्रि में विवेकानंद मंच द्वारा आयोजित नाटक कलाम को सलाम' ने अमिट छाप छोड़ी। पूर्व राष्ट्रपति व भारत रत्न स्वर्गीय एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन पर आधारित इस नाटक में कलाम के जीवन सफर से लेकर अंतिम समय तक के घटनाक्रम को दर्शाया गया। कलाम के मुख्य किरदार में आयुष श्रीवास्तव के अभिनय को सभी ने सराहा।

YMCA University of Science & Technology
(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006


**NEWS CLIPPING: 14.04.2018**

**AMAR UJALA**



कार्यक्रम में योगा प्रस्तुत करते।

# स्टार नाइट का मुख्य आकर्षण होंगे पंजाबी गायक 'गैरी संधू'

डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल ने बताया कि वाईएमसीए विश्वविद्यालय के वार्षिक उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2018' का मुख्य आकर्षण स्टार नाइट रहती है। इसमें चर्चित पॉप या रॉक स्टार की प्रस्तुत होती है। विद्यार्थी तीन दिवसीय उत्सव में खासतौर पर स्टार नाइट का बेसब्री से इंतजार करते है। इस बार स्टार नाइट का मुख्य आकर्षण स्टार पंजाबी गायक गैरी संधू रहेंगे। गैरी संधू अपनी गायकी के कारण युवाओं के बीच लोकप्रिय है।

**NEWS CLIPPING: 14.04.2018**

**PUNJAB KESARI**

# गीत-संगीत, भंगड़ा और नृत्य-नाटिका के नाम रहा दूसरा दिन

फरीदाबाद, 13 अप्रैल (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2018' का दूसरा दिन गीत-संगीत, भांगडा व नृत्य-नाटिका के नाम रहा।

विवेकानंद मंच द्वारा नाटक 'कलाम को सलाम' और विविधा क्लब द्वारा जहांगीर और नूरजहाँ की प्रेम कथा पर आधारित नाटक का मंचन हुआ। इस दौरान एकल गीत, पाश्चात्य संगीत, गायन, योगा, फन गेम, विट्स विला, बिग बॉस, शू पेंटिंग, एकल अभिनय और रोबो वॉर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दूसरे दिन की शुरूआत जूम्बा डांस से हुई, जिसमें विद्यार्थियों से लेकर फैकल्टी सदस्यों ने भी जमकर लुत्फ उठाया। अनन्य क्लब का विट्स विला और अल्फाज का आयोजन किया गया, जिसमें विट्स विला में आशिमा आनंद विजेता और अदिति उतरेजा उपविजेता चुने गये। तरन्नुम क्लब द्वारा एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों द्वारा गायकी के साथ-साथ वाद्य यंत्रों पर भी प्रस्तुति दी गई ।इस प्रतियोगिता में वाईएमसीए विश्वविद्यालय के निखिल प्रथम रहे। लोक गायकी प्रतियोगिता में आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज, दिल्ली के व्याख्या, बैनेट कॉलेज दिल्ली के अनुपम और वाईएमसीए के श्रेय को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया।

## 'कलाम को सलाम' ने छोडी अमिट छाप

उत्सव में देर रात्रि में विवेकानंद मंच द्वारा आयोजित नाटक 'कलाम को सलाम' ने अमिट छाप छोडी। पूर्व राष्ट्रपति व भारत रत्न स्वर्गीय एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन पर आधारित इस नाटक में कलाम के जन्म से लेकर राष्ट्रपति बनने तथा अंतिम समय तक के घटनाक्रम को दर्शाया गया। कलाम के मुख्य किरदार में आयुष श्रीवास्तव के अभिनय को सभी ने सराहा।

## स्टार नाइट का मुख्य आकर्षण होंगे 'गैरी संधू'

डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल ने बताया कि वाईएमसीए विश्वविद्यालय के वार्षिक उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2018' का मुख्य आकर्षण स्टार नाइट रहती है, जिसमें किसी चर्चित पॉप या रॉक स्टार की प्रस्तुत होती है। विद्यार्थी तीन दिवसीय उत्सव में खासतौर पर स्टार नाइट का बेसब्री से इंतजार करते है। इस बार स्टार नाइट का मुख्य आकर्षण स्टार पंजाबी गायक गैरी संधू रहेंगे। गैरी संधू अपनी गायकी के कारण युवाओं के बीच लोकप्रिय है।


पंजाब केसरी ई-पेपर
Sat, 14 April 2018
epaper.punjabkesari.in//c/27866246